**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**09.06.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– बीते 11 वर्षों में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से देखे सकारात्मक बदलाव।
- केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एनडीए सरकार को बताया प्रभावी और साहसिक निर्णय लेने वाली सरकार।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का दावा– भीषण आर्थिक संकट के बावजूद बेहतर कार्य कर रही है प्रदेश सरकार।
- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ढली–रामपुर मार्ग को फोरलेन करने की दी सैद्धांतिक मंजूरी।

### प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 140 करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने गति, पैमाने और संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस दौरान आर्थिक विकास से लेकर सामाजिक उत्थान तक समावेशी और सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। प्रधानमंत्री ने लोगों से भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया।

### नड्डा–11 वर्ष

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बेहतर सुशासन की राजनीति और जिम्मेदार तथा जवाबदेही की सरकार देकर देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेवलन को संबोधित करते हुए, जे.पी.नड्डा ने कहा कि सरकार ने देश के राजनीतिक परिदृश्य को बदलकर एक नया मानदंड स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि अतीत में राजनीति अक्सर सत्ता को बचाए रखने के उद्देश्य से तुष्टीकरण की रणनीतियों से प्रेरित होती थी। जे. पी. नड्डा ने केंद्र की एनडीए सरकार को एक प्रभावी सरकार बताया जो साहसिक निर्णय लेने में सक्षम है।

***व्हेन आई टॉक अबाउट पॉलीटिकल कल्चर आई टॉक अबाउट द शिफ्ट फ्रॉम नेगेटिविज्म तो पॉजिटिविज्म भारत का आम नागरिक ये कहता है मोदी है तो मुमकिन और इसीलिए हम यह भी कह सकते हैं कि ऑप्टिमाइज्म में विकास आविष्कार और नवाचार यह तीनों चीजे जुड़ी है आज हम डेवलपमेंट भी कर रहे हैं और उसके साथ–साथ हम बेस्ट प्रैक्टिसेस भी का रहे हैं।***

**बिंदल**

इस बीच केन्द्र की मोदी सरकार के सत्ता में 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में आज भाजपा के संगठनात्मक ज़िला सुंदरनगर में पार्टी ने एक कार्यशाला का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल ने की। उन्होंने इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 भारत के इतिहास में एक टर्निंग प्वांइट बनकर आया और भ्रष्टाचार, घोटालों तथा अस्थिरता से त्रस्त देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में एक निर्णायक नेतृत्व मिला। बिंदल ने कहा कि इन 11 सालों में देश ने अभूतपूर्व प्रगति की है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इन 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं की मदद से 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल आए हैं।

**हर्षवर्धन चौहान**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि खराब वित्तीय स्थिति के बावजूद प्रदेश सरकार राज्य में विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है। हर्षवर्धन चौहान ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हिमाचल को केंद्र से नियमित मदद के अलावा कोई अतिरिक्त आर्थिक मदद नहीं मिली है। उन्होंने भाजपा सांसदों पर आर्थिक मदद के नाम पर झूठे दावे करने का आरोप लगाया। उन्होंने ये भी कहा कि अस्पतालों में पर्ची के पैसे लेने का फैसला रोगी कल्याण समितियों का है और इस फैसले से सरकार का कोई लेना–देना नहीं है।

***हमारी ढाई साल का जो कार्यकाल है कांग्रेस सरकार का कार्यकाल है वो उपलब्धियां भरा कार्यकाल है इसके बावजूद भी कि हमारे को हिमाचल प्रदेश में 2023 में बहुत बड़ी आपदा आई जिसमें 10000 करोड़ का नुकसान हुआ और केंद्र सरकार ने हमें जो है मदद नहीं की है। ये बात ठीक है कि आज प्रदेश है आर्थिक संकट से गुजर रहा है मगर फिर भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू जी के नेतृत्व में और सरकार ने विकास की गति को धीमा नहीं होने दिया है।***

हर्षवर्धन चौहान ने दावा किया कि प्रदेश से किसी भी उद्योग ने पलायन नहीं किया है। उन्होंने कालाअंब में शराब की अवैध फैक्ट्री के मुद्दे पर कहा कि ऐसे मामले हर सरकार में आते हैं। हर्षवर्धन चौहान ने ये भी कहा कि सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है।

*इंडस्ट्रियल यूनिट बैंड होना एक नॉर्मल रूटीन का काम है। अब इंडस्ट्री को हम सिर्फ फैसिलिटेट करते हैं हम इंडस्ट्री को जबरदस्ती चला नहीं सकते। बंद कर देते हैं। यह एक नॉर्मल प्रक्रिया है।*

**शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य की समृद्ध संस्कृति के प्रतीक मेलों और उत्सवों के वास्तविक स्वरूप को बनाए रखने के लिए प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री आज सोलन ज़िला के चायल में 3 दिवसीय बाबा सिद्ध मेला के दूसरे दिन के समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मेले को ज़िला स्तरीय दर्जा दिलवाने के प्रसास किए जाएंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि उनकी सरकार किन्नौर ज़िला में निर्माणाधीन 4 सौ 50 मैगावॉट की शौंगटौंग पन बिजली परियोजना को नवम्बर 2026 तक बनाकर तैयार कर लेगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा हो जाने पर प्रदेश सरकार के राज्य को आत्मनिर्भर बनाने के सपने को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री किन्नौर ज़िला के अपने दो दिवसीय दौरे के पहले दिन आज इस पन बिजली परियोजना के कार्य का जायज़ा लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

*सभी देख रहे है और कई फैसले हमने पीछे कैबिनेट सब कमेटी ने भी किये हैं और हम चाहते हैं कि ये नवंबर 2026 तक पूरा हो ताकि किन्नौर के लोगों को भी फायदा हो और राज्य को भी आत्मनिर्भर बनाने में ये प्रोजेक्ट महत्तपूर्ण भूमिका निभाएगा। बने हुए तो अभी 2.5 साल के लिए चार दिन कम है , 11 में हम 2.5 साल होंगे लेकिन हमने फैसले किये है । फैसलों में करके हम इस प्रोजेक्ट को तेजी से काम करवाकर हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से काम कर रहे है । आप देखें कितनी तेजी से प्रोजेक्ट हुआ है पहले तो यहां लेवर की पेमेंट भी नहीं हो रही थी । किन्नौर के बेचारे लेवर के बार बार नेगी जी आते थे कहते थे कि पेमेंट ही नहीं हो रही है तो उनके पेमेंट का समाधान किया इनके प्रोजेक्ट वालों का जो आपस के झगड़े ठेकेदारों का था उसका समाधान किया अब मैं खुद आज हमने विज़िट किया हमें लगता कि नवंबर 26 तक पूरा हो जाएगा ।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण आर्थिक संकट के बावजूद प्रदेश सरकार बेहतर कार्य कर रही है और कर्मचारियों से किया गया ओपीएस का वायदा सरकार ने निभाया है। उन्होंने कहा कि ओपीएस लागू करने के कारण प्रदेश की ऋण लेने की सीमा 16 सौ करोड़ रूपये कम कर दी गई है।

*केंद्र सरकार ने जब हमने सरकारी कर्मचारियों को OPS दिया, तो हमारे 1600 करोड़ की ddditional borrowing बंद कर दी । अब हम सरकारी कर्मचारी अधिकारियों को जिनको हमने व्दै दिया है, जिनको हमने बुडापे का एक सहारा दिया हैं। उनका कहना है कि अगर आप ये OPS ना देते तो आपको 1600 करोड की एडिशनल बोरिंग देते लेकिन हमने उस चुनौती का भी सामना किया । भीष्म आर्थिक परिस्थितियों के कारण भी थोड़ा सा हमारे हाथ टाइट जरूर है लेकिन हम इसको पार कर लेंगे ।*

इससे पूर्व ज़िला के दो दिवसीय दौरे पर आज सेना के चोलिंग हैलीपैड पहुंचने पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और अन्य कांग्रेस नेताओं व ज़िला प्रशासन के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

## विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चंबा ज़िला में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोज़गार देने की क्षमता पैदा की जाएगी, ताकि ज़िले की आर्थिकी सुदृढ़ की जा सके। कुलदीप सिंह पठानिया आज चंबा में ज़िला परामर्शदात्री समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ बैंक के माध्यम से पात्र लोगों तक उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बैंक अधिकारियों को आम जनता के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश भी दिए।

*चंबा जो है एस्पिरेशनल जिला होने के नाते में यहां जो एंटरप्रेन्योरशिप है लोगों के अंदर रोजगार देने की क्षमता पैदा हो, रोजगार लेने की नहीं ताकि वह जितने ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार हम देंगे तो हमारी जो आर्थिक है वह आगे बढ़ेगी। इस दृष्टि से जो है वो यहां चर्चा हुई और जहां जहां कमियां हमको महसूस हुई है और हमने जिलाधीश महोदय से बात की है कि वो उस स्तर के ऊपर बैंक्स के साथ बातचीत करके उनका समाधान करें।*

## मुकेश अग्निहोत्री/विक्रमादित्य सिंह

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी हिमाचल के विकास में हर संभव सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने इसके लिए नितिन गडकरी का आभार जताया। मुकेश अग्निहोत्री ने आज नई दिल्ली में नितिन गडकरी से मुलाकात के बाद कहा कि केंद्रीय मंत्री का उन्हें हर बार स्नेह मिला है। उन्होंने कहा कि नितिन गडकरी प्रदेश से संबंधित विकास योजनाओं को हमेशा ही दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मंजूरी देते हैं। उप–मुख्यमंत्री ने टैक्सी परमिट 12 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष करने की गडकरी से मांग की, जिस पर उन्होंने तत्काल कार्रवाई के

आदेश दिए हैं। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी आज नितिन गडकरी से भेंट की और भुभूजोत सुरंग सहित घटासनी–बधानी–कुल्लू सड़क के सामरिक महत्व को देखते हुए इसे एन.एच. घोषित करने का आग्रह किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने ढली–रामपुर सड़क को फोरलेन करने को भी सैद्धांतिक मंजूरी दी।

**बैठक**

भारतीय डाक फैडरेशन का राष्ट्रीय सम्मेलन 5 व 6 जुलाई को सोलन में आयोजित होगा। फैडरेशन के सचिव अनंत कुमार ने आज सोलन में कहा कि इस सम्मेलन में देशभर से डाक विभाग के कर्मचारी हिस्सा लेंगे। सम्मेलन में कर्मचारियों की समस्याओं को सुना जाएगा ताकि उन्हें उचित पटल पर रखकर उनका समाधान किया जा सके।

***5 –6 जुलाई को सोलन मेंहिमाचल प्रदेश में फेड्रल कौंसिल ऑफ यूनिवर्सिटी होने जा रहा है और उसमे पूरा देश से लगभग 1,000 डेलिगेट्स रहेगा, कश्मीर से कन्याकुमारी तक और गुजरात से सिल्वर असाम तक लोग आएंगे, और इसमें हम लोग विभाग का विविध समस्या जोहै कर्मचारी के उसे डिस्कस करेंगे, और 3 साल के लिए कमिटी बनता है, वो कमिटी बनाएंगे, 8 पे कमिशन बड़ा मुद्दा है, और सीजीएचेस हेल्थ स्कीम के लिए बड़ा मुद्दा , ये मुद्दा तो चर्चा होगा, उसका साथ साथ बाकी विषय पर भी चर्चा होगा ।***

**मुख्य समाचार एक बार फिर**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– बीते 11 वर्षों में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से देखे सकारात्मक बदलाव।
- केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने एनडीए सरकार को बताया प्रभावी और साहसिक निर्णय लेने वाली सरकार।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का दावा– भीषण आर्थिक संकट के बावजूद बेहतर कार्य कर रही है प्रदेश सरकार।
- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ढली–रामपुर मार्ग को फोरलेन करने की दी सैद्धांतिक मंजूरी।

........................................................................................................................................................